# पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Name | | | | | |
| Date | 10-09-2020 | | 10th | Roll No. | |
| Subject | HINDI | Marks -80 | Hindi | Teacher’s Sign | |

## First Summative Assessment

**(खंड-अ-पठन भाग)**

**प्र-1-अ-निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए_ (5)**

जातिविभाजन मान लिया जाए-प्रथा को यदि श्रम-, तो यह स्वाभाविक विभाजन नहीं है, क्योंकि यह मनुष्य की रुचि पर आधारित है। कुशल व्यक्ति या सक्षम श्रमिक समाज का निर्माण करने के लिए यह आवश्यक है कि हम व्यक्ति की क्षमता इस सीमा तक विकसित करें, जिससे वह अपने पेशे या कार्य का चुनाव स्वयं कर सके। इस सिद्धांत के विपरीत जातिप्रथा का दूषित सिद्धांत यह है कि - इससे मनुष्य के प्रशिक्षण अथवा उसकी निजी क्षमता का विचार किए बिना, दूसरे ही दृष्टिकोण जैसे माता पिता के सामाजिक स्तर के अनुसार पहले से ही अर्थात गर्भधारण के समय से ही मनुष्य का पेशा निर्धारित कर दिया जाता है।जातिप्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्वनिर्धारण ही नहीं करती-, बल्कि मनुष्य को जीवनभर के - लिए एक पेशे में बाँध भी देती है, भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखों मर जाए। आधुनिक युग में यह स्थिति प्राय आती है, क्योंकि उद्योग धंधे की प्रक्रिया व तकनीक में निरंतर विकास और कभीकभी अकस्मात परिवर्तन हो जाता है-, जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता न हो तो इसके लिए भूखे मरने के अलावा क्या चारा रह जाता है? हिंदू धर्म की जाति प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न हो, भले ही वह उसमें पारंगत है। इस प्रकार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति-प्रथा भारत में बेरोजगारी का प्रमुख्य कारण बनी है|

प्र-1-कुशल श्रमिकसमाज का निर्माण करने के लिए क्या आवश्यक है-?

प्र-2-जाति-प्रथा के सिद्धांत को दूषित क्यों कहा गया है?

प्र-3-जाति-प्रथा पेशे का न केवल दोषपूर्ण पूर्वनिर्धारण करती है, बल्कि मनुष्य को जीवन भर के लिए एक पेशे से बाँध देती है। कथन पर उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए।

प्र-4-भारत में जाति-प्रथा बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण किस प्रकार बन जाती है?

प्र-5-जाति-प्रथा के दोषपूर्ण पक्ष कौन कौन से हैं?

प्र-6-जाति-प्रथा बेरोजगारी का कारण कैसे बन जाती है?

**ब- ब -निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(5)**

हम प्रचंड की नई किरण हैं, हम दिन के आलोक नवल। ।
हम नवीन भारत के सैनिक, धीर, वीर, गंभीर ,अचल|
हम प्रहरी ऊंचे हिमंदरी के,सुरभि स्वर्ग की लेते है|
हम है शांति दूत धरणी के, छाँव सभी को देते है|
वीर प्रसू माँ की आँखों के, हम नवीन उजियाले है|
गंगा,यमुना,हिन्द महासागर के हम ही रखवाले है|
तन,मन धन तुम पर कुर्बान ,जियो जियो जय हिन्दुस्तान|
हम सपूत उनके जो थे ,अनल और मधु के मिश्रण |
जिसमे नर का तेज प्रखर था,भीतर था नारी का मन|
एक नयन संजीवन जिसका ,एक नयन था हलाहल |
जितना कठिन खड्ग था कर में उतना ही अंतर के मल|
थर-थर तीनों लोक कांपते थे जिनकी ललकारों पर|
स्वर्ग नाचता था रण में जिनकी पवित्र तलवारों पर|
हम उन वीरों की संतानें जियो जियो जय हिन्दुस्तान

***बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर चुनिए-**

प्र-1-कविता में हम कौन हैं?

अ-भारतवासी ब-भगवान् क-सैनिक

प्र-2-भारतवासी हिन्दुस्तान पर क्या-क्या न्योछावर करना चाहते है?

अ-पैसा,माँ ब-तन,मन,धन क-अपनी सम्पत्ति

प्र-3-अनल और मधु के मिश्रण किन्हें कहा गया है?

अ-सैनिक ब-माँ क-हम भारत के सपूत

प्र-4-अनल और मधु के मिश्रण की विशेषता क्या थी?

अ-तन से नर,मन से नारी ब-देव-देवी क-वीर-वीरांगना

प्र-5-नयन क्या-क्या था?

अ-खाडक व् तलवार ब-सजीवन व् हलाहल क-माँ व् संतान

**(खंड-ब-व्याकरण भाग)**

**प्र-2-निम्नलिखित प्रश्नों को निर्देशानुसार हल करिए -**

**1-शब्द किसे कहते है?** **(1)**

**2-शब्द और पद में क्या अंतर है?** **(1)**

**3-शब्दों को शुद्ध कर के लिखिए-** 1-उतेजना 2-रेणू **(2)**

**4-पर्यायवाची शब्द लिखिए-** 1-सूरज 2-रेणु **(2)**

**5-उपसर्ग अलग करिए-** 1-उपनयन 2-बेमिसाल **(2)**

**6-प्रत्यय और उपसर्ग अलग करिए-** 1-असमाजिक 2-अनुपयोगिता **(2)**

**7-वाक्य बदलिए-** **(2)**

1-पिताजी बाजार से आये और नहाने चले गये| (सरल वाक्य में)

2-घर से निकलते ही बारिश होने लगी| (मिश्र वाक्य में)

**8-संधि-जोड़िये-** 1-हिम+आलय= 2-महा+ईंद्र= **(2)**

**9-मुहावरे से वाक्य बनाइए-** 1-आँख दिखाना- 2-अंगूठा दिखाना- **(2)**

**प्र-3-अ-पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(4)**

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ती,विघ्न जो आ पड़ें उन्हें ढकेलते हुए|
घटे न हेलमेल हा ,बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी |
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे|

प्र-1-किस मार्ग में चलने को कहा गया है?

प्र-2-किन्हें धकेलने की बात कही है?

प्र-3-क्या घटाने की बात कही गई है?

प्र-4-कौन मनुष्य के लिए मरे?

**ब-पठित गद्यांश को पढ़कर प्रशों को हल करिये-** **(10)**

ततारा लहुलुहान हो चुका था...वह अचेत होने लगा और कुछ देर बाद उसे कोई होश नही रहा | वह कटे हुए द्वीप के अंतीम भूखंड पर पड़ा हुआ था जो कि दूसरे हिस्से से संयोगवश जुड़ा था| बहता हुआ ततारा कहाँ पहुंचा ,बाद में उसका क्या हुआ कोई नही जनता| इधर वामीरो पागल हो उठी | वह हर समय ततारा को खोजती हुई उसी जगह पहुंचती और घंटों बैठी रहती |उसने खाना पीना छोड़ दिया |परिवार से वह एक तरह विलग हो गई |लोगों ने उसे ढूँढने की बहुत कोशिश की किन्तु कोई सुराग न मिला| आज न ततारा है ,न वामीरो किन्तु उनकी यह प्रेमकथा घर-घर में सुनाई जाति है| निकोबरियों का मत है कि ततारा की तलवार से कार-निकोबार के जो टुकड़े हुए, उसमें दूसरा लिटिल अंडमान है |

***बहुवैकल्पिक प्रशों के उत्तर चुनिए-**

प्र-1-उपरोक्त गद्यांश में कहानी किस जगह की है?

अ-मलेशिया　　ब-अंडमान-निकोबार　　क-लक्ष्यद्वीप

प्र-2-इस कहानी के नायक नायिका के क्या नाम है?

अ-शिरी-फरहाद　　ब-ततारअ -वामीरो　　क-लैला-मजनू

प्र-3-कौन लहुलुहान था?

अ-वामिरो　　ब-लेखक　　क-ततारा

प्र-4-ततारा कहाँ अचेत पड़ा था?

अ-कटे हुए भूखंड पर　　ब-सागर किनारे　　क-गाँव में

प्र-5-क्या ततारा का कहाँ चला गया ?

अ-शहर　　ब-दूसरे गाँव　　क-बहता हुआ सागर में

प्र-6-वामिरो कैसी हो गई थी?

अ-पागल जैसी　　ब-बेहोश　　क-होशियार

प्र-7-वामिरो घंटों क्या करती थी ?

अ-रोटी रहती　　ब-ततारा को उसी जगह खोजती　　क-गाना गाती

प्र-8-वामिरो ने परिवार से क्या कर लिया था?

अ-विलग　　ब-मेलजोल　　क-झगड़ा

प्र-9-गाँव में किसकी प्रेमकथा घर-घर सुनाई जाती है?

अ-ततारा -वामिरो की　　ब-देव-देवी की　　क-शिरी-फरहाद की

प्र-10-किसकी तलवार से कार-निकोबार स्लग हुए?

अ-ततारा की　　ब-वामिरो की　　क-देव की

**(खंड-क-साहित्य भाग)**

**प्र-4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो )** **(4)**

प्र-1-बड़े भाई साहब दिमाक को आराम देने के लिए क्या करते थे?

प्र-2-ततारा ने वामीरो से क्या याचना की?

प्र-3-जीवन कैसे घरों में सिमटने लगा है?

**प्र-5-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-(कोई दो )** **(4)**

प्र-1-दीपक दिखाई देने पर अन्धकार कैसे मिट जाता है?

प्र-2-कवि ने कैसी मृत्यु को सुमुत्यु कहा है?

प्र-3-'मेखला'शब्द का क्या अर्थ है? कवि ने यह शब्द किस के लिए प्रयोग किया है?

**प्र-6-अ-हरिहर काका के परिवार का स्वरूप कैसा था?** **(3)**

**ब-'सपनों के से दिन 'पाठ के आधार पर लिखिए कि बच्चों के अभिभावकों की बच्चों को पढ़ने में रुचि क्यूँ नही थी?** **(3)**

**(खंड-ख-लेखन भाग)**

**प्र-7-निम्नलिखित संकेत-बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए-** **(6)**

**अ-स्त्री शिक्षा का महत्व :-**

*-शिक्षा का महत्व

*-परिवार का विकास

*-बच्चों के लिए उपयोगिता

**ब-अच्छे-पड़ोसी -:**

*-अच्छे पड़ोसी भाग्य की बात

*-मेरा निवास स्थान

*-पड़ोसी का परिचय - व्यवहार

**प्र-8-पत्र-लेखन -** **(5)**

अ-आप का मित्र विदेश में रह रहा है| उसकी कुशलक्षेम पूछते हुए एक पत्र लिखिए|

या

ब-दिल्ली में महीलाओ के प्रति बढ़ रहे अपराध का उल्लेख करते हुए ,किसी समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए|

**प्र-9-आप के विद्ध्याली में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जायगा | उसमें हर पुस्तक पर 25% की छुट दी जायगी | एक सूचना आलेख लिखिए|** **(5)**

**प्र-10-'रक्षक 'हेलमेट बनानेवाली कंपनी की बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करिये|** **(5)**

**प्र-11-एक बुजुर्ग व्यक्ति और एक नवयुवती के बीच होने वाले संवाद लिखिए|** **(5)**

---